केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सं.सीबीएसई/समन्वय/सत्यापन-दस्ता./2023/01 दिनांक: 13.01.2023

परिपत्र- 01/2023

विषय: सीबीएसई द्वारा शैक्षिक दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में।

आप जानते होंगे कि डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेजों का अपनी तरह का पहला ऑनलाइन निधान/संग्रह सीबीएसई द्वारा विकसित किया गया था और वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था। इस निधान को एनएडी के डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है। वर्तमान में, विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल दस्तावेजों को डाउनलोड करने और नियोक्ताओं और उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा सत्यापन के लिए कक्षा X और XII के परीक्षार्थियों का 21 वर्ष अर्थात वर्ष 2001 से 2022 तक का परिणाम डेटा ऑनलाइन उपलब्ध है।

ये सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित हैं और इनमें प्रमाणीकरण के लिए पीकेआई आधारित क्यूआर कोड है। इन शैक्षणिक दस्तावेजों को विशेष रूप से डिजाइन किए गए मोबाइल एप की मदद से सत्यापित किया जा सकता है। साथ ही, बहुतायत में/ विस्तृत सत्यापन के लिए, सीबीएसई उच्च शिक्षा संस्थानों और सरकारी नियोक्ताओं को एपीआई दे रहा है, यदि उन्हें आवश्यकता हो। विस्तृत प्रक्रिया संलग्न है।

प्रत्येक वर्ष लगभग 35 लाख विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इसलिए, अनेक संस्थान और संगठन सीबीएसई से अनुरोध कर रहे हैं कि इन छात्रों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को सत्यापित किया जाए।

सीबीएसई के 16 क्षेत्रीय कार्यालय हैं और विद्यार्थियों के रिकॉर्ड का रख-रखाव उनके द्वारा किया जाता है। कई संगठन सत्यापन के लिए सीबीएसई मुख्यालय, दिल्ली को अनुरोध भेज रहे हैं और इस प्रकार सत्यापन के कार्य में देरी हो रही है।

चूंकि सीबीएसई ने डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेजों का एक ऑनलाइन निधान/संग्रह विकसित किया है, इसलिए, सभी संगठनों से अनुरोध है कि वे सीबीएसई को अनुरोध न भेजें। वे संलग्न विवरण के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और उसके बाद सत्यापन करवा सकते हैं।

भवदीय

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: वेब प्रबंधक को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in

चरण 1: कृपया https://apisetu.gov.in/ पर जाएं

चरण 2: साइन-इन पर क्लिक करें https://apisetu.gov.in/signin

चरण 3: *डिजिलॉकर मेरीपहचान* के साथ लॉग-इन करें



चरण 4: **<u>एपीआई- मे माध्यम से सत्यापन के लिए प्राधिकृत करना:</u>** विषय नाम के साथ कृपया techhelp.cbse@gmail.com पर मेल भेजें।

(नोट :- केवल सरकारी संस्थान को प्राधिकार दिया गया)